**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 12.06.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **मुख्यमंत्री की उपस्थिति में हैदराबाद में आयोजित 'छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट' कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों ने प्रदेश में नौ हजार पांच सौ अस्सी करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव दिए।**
- **आज छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर रायपुर पहुंचे केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह–मोदी सरकार के बारह वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में हुए शामिल।**
- **प्रदेश के सभी सरकारी और निजी स्कूल ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद सोलह जून से खुल जाएंगे।**
- **कांकेर जिले के कलगांव में आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत–पांच अन्य महिलाएं झुलसी।**

**'छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट'**

हैदराबाद में आयोजित 'छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट' कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की सात प्रमुख कंपनियों ने प्रदेश में नौ हजार पांच सौ अस्सी करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव दिए हैं। इससे सात हजार आठ सौ से अधिक रोजगार सृजित होने की संभावना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि नई औद्योगिक नीति लागू होने के बाद दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु के साथ ही जापान और दक्षिण कोरिया में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य को आठ लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

**केन्द्रीय मंत्री–दौरा**

केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह आज छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर रायपुर पहुंचे। श्री सिंह आज दोपहर रायपुर के एक निजी अस्पताल में आयोजित विषेष जनसंपर्क कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद वे मोदी सरकार के बारह वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राजधानी में आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में शामिल हुए।

इससे पहले, रायपुर विमानतल पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि बीते बारह वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने अलग–अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

श्री सिंह आज शाम राजधानी में हैंडलूम, हस्तषिल्प, सिल्क और राज्य तथा क्षेत्रीय टेक्सटाइल अधिकारियों के साथ भी बैठक करेंगे। वहीं, अपने प्रवास के दूसरे दिन वे कल तेरह जून को राजधानी मे स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे ऑक्सीजोन गार्डन में पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लेंगे। श्री सिंह कल रायपुर में विषेष जनसंपर्क कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे।

**स्कूल–प्रारंभ**

प्रदेश के सभी सरकारी और निजी स्कूल ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद सोलह जून से खुल जाएंगे। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने जिला शिक्षा अधिकारियों और संयुक्त संचालकों को आदेश जारी कर दिया है। आदेश में विभाग ने सभी स्कूलों को पहले ही दिन से समय–सारिणी के अनुसार अध्ययन–अध्यापन कार्य शुरू करने को कहा है। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने भीषण गर्मी को देखते हुए पन्द्रह अप्रैल से सोलह जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया था।

**संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार**

केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने वर्ष दो हजार पच्चीस के लिए संगीत नाटक अकादमी फेलोषिप – अकादमी रत्न, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार और उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ां युवा पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। इस सम्मान सूची में छत्तीसगढ़ के चार कलाकारों का चयन किया गया है। इनमें लोक कलाकार और रंगकर्मी तथा पद्मश्री सम्मान से सम्मानित हो चुके डॉक्टर अनूप रंजन पांडेय भी शामिल हैं, जिन्हें इस साल का संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार दिया गया है।

डॉक्टर अनूप रंजन पांडेय के अलावा कथक नृत्य के वरिष्ठ साधक पंडित रामलाल बरेठ को संगीत नाटक अकादमी फेलोषिप तथा युवा रंगकर्मी घनष्याम साहू और डॉक्टर आनंद कुमार पाण्डेय को उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ां युवा पुरस्कार के लिए चुना गया है।

**बातों–बातों–में**

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश के समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार **मोदी सरकार के बारह वर्ष पूरे होने पर केन्द्रित रहेगा। इसके तहत छत्तीसगढ़ साहित्य परिषद के अध्यक्ष और वरिष्ठ पत्रकार शशांक शर्मा से** ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इसका प्रसारण कल तेरह जून को आकाशवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा एफ.एम. और प्राईमरी चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

**आकाशीय बिजली–मौत**

कांकेर जिले के कलगांव में आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई है। वहीं, पांच अन्य महिलाएं झूलस गई हैं। बताया जा रहा है कि कलगांव में मनरेगा के तहत तालाब गहरीकरण का कार्य चल रहा था, जिसमें करीब साठ से सत्तर मजदूर काम रहे थे। आज सुबह बारिश शुरू होने पर कुछ मजदूर पेड़ के नीचे खड़े हो गए। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। इस हादसे में कलगांव के उप–सरपंच सहित तीन पुरुषों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, पांच महिलाएं गंभीर रूप से झुलस गईं, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतागढ़ में भर्ती कराया गया है। इनमें से एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे बेहतर उपचार के लिए कांकेर जिला अस्पताल में रेफर किया गया है।

**गांजा–बरामद**

बलरामपुर जिले में पुलिस ने करीब दस करोड रूपए का गांजा बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने उत्तरप्रदेश निवासी दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर ने बताया कि गांजा एक ट्रक में भरकर ओडिशा के सोनपुर से उत्तरप्रदेश ले जाया जा रहा था।

**एशियन पैरा–आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप**

किर्गिस्तान में आयोजित एषियन पैरा–आर्म रेसलिंग चैंपियनषिप में छत्तीसगढ़ के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी श्रीमंत झा ने रजत पदक जीता है। उन्होंने पीआईयूएच–पचासी किलोग्राम वर्ग में कजाकिस्तान के खिलाड़ी को हराकर यह उपलब्धि हासिल की है। श्रीमंत ने अपना पदक देष के वीर शहीद जवानों को समर्पित किया है।

**कायाकिंग–केनोईंग प्रतियोगिता**

नवा रायपुर स्थित सेंध लेक में आज से छत्तीसवीं राष्ट्रीय सब जूनियर और जूनियर कायाकिंग–केनोईंग प्रतियोगिता शुरू हो गई है। छत्तीसगढ़ प्रदेष कायाकिंग–केनोईंग एसोसिएषन द्वारा भारतीय कायाकिंग–केनोईंग संघ और छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ के संयुक्त तत्वावधान में होने जा रही तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में देषभर के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

**आबकारी विभाग–कार्रवाई**

छत्तीसगढ़ में निर्धारित दर से अधिक कीमत पर शराब बेचने के मामले सामने आने के बाद आबकारी आयुक्त पी.एस. एल्मा ने चार आबकारी उपनिरीक्षकों को निलंबित कर दिया है। वहीं, आठ अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

**अजय सिंह–सेवा वृद्धि**

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह की सेवा अवधि में वृद्धि की गई है। आगामी चुनाव के मद्देनजर उनकी सेवा अवधि फरवरी दो हजार सत्ताईस तक या राज्य निर्वाचन आयुक्त के पद पर नियमित पदस्थापना होने तक बढ़ाई गई है।

**संक्षिप्त समाचार–01**

– केन्द्र सरकार ने खुदरा पेट्रोल पंपों से संस्थागत, औद्योगिक और वाणिज्यिक ग्राहकों के ईंधन खरीदने पर रोक लगा दी है। सरकार ने कहा है कि इन्हें अपनी जरूरत का पेट्रोल और डीजल थोक बिक्री केन्द्रों से ही लेना होगा।

– राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी–एनटीए ने इक्कीस जून को होने वाली नीट यूजी पुनर्परीक्षा की अवधि में पन्द्रह मिनट का अतिरिक्त समय जोड़ने का फैसला किया है। अब अभ्यर्थियों को परीक्षा पूरी करने के लिए कुल एक सौ पंचानवे मिनट मिलेंगे।

– राज्यपाल रमेन डेका आज रायपुर में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता डॉक्यूमेंट्री फिल्मों के सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि फिल्में और डॉक्युमेंट्री केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि समाज को जागरूक करने और सकारात्मक संदेश देने का एक प्रभावी साधन हैं।

– सरगुजा संभाग आयुक्त नरेंद्र कुमार दुग्गा ने आज सरगुजा संभाग की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ किया। यह छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी संभाग की पहली आधिकारिक वेबसाइट है, जो नागरिकों, पर्यटकों और विभिन्न हितधारकों को एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराएगी।

– कोडागांव जिले की विश्रामपुरी पुलिस ने ग्राम उड़िदगांव में एक व्यक्ति से मारपीट रकम लूटने के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**संक्षिप्त–02**

– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के बारह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के राजस्व अनुविभाग स्तर पर अट्ठारह से तीस जून तक पंजीकरण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसमें विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

– खेत बचाओ अभियान' के तहत कोरिया जिले में कृषि विशेषज्ञ गांव–गांव जाकर किसानों को प्राकृतिक खेती अैर संतुलित उर्वरक उपयोग के लिए जागरूक कर रहे हैं।

– दुर्ग पुलिस ने कुथरेल और अंडा क्षेत्र में संचालित दो अवैध गुटखा फैक्ट्रियों पर छापा मारकर दस आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>